हार होगी नहीं | By तोशी कौर

जीत जायेंगे हम ....
जीत जायेंगे हम हार होगी नहीं

साथ है हर कदम मेरा श्याम धणी
जीत जायेंगे हम हार होगी नहीं

किस्मत की लकीरो में सांवरिये का नाम है
मंज़िल होगी कदमो में बाबा का पैगाम है
मेरा सब कुछ खाटू वाला ही मेरा श्याम है
मेरी आँखों में रहती अब तो कृपा की नमी

बाबा ने सजाया है मेरे जीवन का गुलशन
इसकी प्रीत से ही महके हर पल मेरा तन और मन
इसकी रेहमत से है भर गया मेरा घर आँगन
इसके रहते ना रहती अब तो कोई भी कमी

सुख दु:ख का मालिक है ये मेरी नैया का माझी
दुनिआ है बेगानी मेरा सांवरिया सच्चा साथी
मैं हूँ एक दीपक ये सांवरा तेल और बाटी
देखो चोखानी तोशी की है बिगड़ी बनी

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%b9%e0%a5%8b%e0%a4%97%e0%a5%80-%e0%a4%a8%e0%a4%b9%e0%a5%80%e0%a4%82-by-%e0%a4%a4%e0%a5%8b%e0%a4%b6%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a5%8c%e0%a4%b0/